भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 3474
उत्तर देने की तारीख-10/08/2026

उत्तर प्रदेश के स्कूलों में पुस्तकालयों की कमी

†3474. श्री पुष्पेंद्र सरोज:
श्री मोहिब्बुल्लाह:
एडवोकेट प्रिया सरोज:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि उत्तर प्रदेश में पांच प्रतिशत से अधिक विद्यालयों में पुस्तकालय नहीं हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;
(ख) क्या सरकार का ऐसे विद्यालयों को पुस्तकालय की पुस्तकों से सुसज्जित करने तथा विद्यार्थियों के लिए शिक्षण संसाधनों तक पहुंच को मजबूत करने के लिए किसी योजना को लागू करने का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) देश में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों की कुल संख्या कितनी है और उनका राज्य-वार और उत्तर प्रदेश के संदर्भ में जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) उत्तर प्रदेश में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों में बिजली, कार्यशील शौचालय, पीने का पानी, पुस्तकालय और अन्य अवसंरचनाओं की उपलब्धता संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) और (ख): जैसा कि यूडाइज+ (2025-26) में बताया गया है, उत्तर प्रदेश में 98.4% सरकारी स्कूल पुस्तकालय/ बुक बैंक/रीडिंग कॉर्नर सुविधाओं से सुसज्जित हैं।

समग्र शिक्षा के 'मौजूदा स्कूलों के सुदृढीकरण' घटक के तहत, उन स्कूलों में पुस्तकालय कक्ष प्रदान करने का प्रावधान किया गया है जहां पुस्तकालय कक्ष उपलब्ध नहीं हैं। इस योजना में स्कूल शिक्षा के सभी स्तरों पर पुस्तकालय और पुस्तकों का प्रावधान भी शामिल है। इसमें

सभी सरकारी स्कूलों में पुस्तकालयों के लिए अनुदान प्रदान करना शामिल है। इस अनुदान का उपयोग स्कूल पुस्तकालयों को सीखने की जगहों के रूप में विकसित करने के लिए किया जाता है जो आजीवन पाठकों और ज्ञान के साधकों का पोषण करते हैं और प्रासंगिक, आयु-उपयुक्त, विविध और आकर्षक पुस्तकों तथा अन्य पठन सामग्री के माध्यम से पढ़ने की क्षमता को बढ़ावा देते हैं।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय (आरईपी) बच्चों और किशोरों के लिए एक अभिनव नि:शुल्क डिजिटल लाइब्रेरी है जिसे भारत भर में कभी भी, कहीं भी ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है। अधिकतम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए यह मंच आईओएस, एंड्रॉइड और वेब पर उपलब्ध है। वर्तमान में, यह मंच 25 भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में 7,000 से अधिक गैर-शैक्षणिक पुस्तकों का क्यूरेटेड संग्रह प्रदान करता है।

(ग) और (घ): देश में केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए संचालित स्कूलों का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा, **अनुलग्नक-I और II** में उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश में कार्यात्मक सभी 76 नवोदय विद्यालय और 130 केन्द्रीय विद्यालय बिजली, कार्यात्मक शौचालय, पेयजल सुविधाओं और पुस्तकालयों सहित अपेक्षित अवसंरचना से सुसज्जित हैं।

******

अनुलग्नक-I

"उत्तर प्रदेश के स्कूलों में पुस्तकालयों की कमी" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री पुष्पेंद्र सरोज, श्री मोहिब्बुल्लाह और एडवोकेट प्रिया सरोज द्वारा दिनांक 10/08/2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3474 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति के तहत कार्यात्मक केविसं और जनवि स्कूलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

क्र. सं.	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	जनवि	केविसं
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (संघ राज्य क्षेत्र)	3	02
2	आंध्र प्रदेश	15	46
3	अरुणाचल प्रदेश	19	20
4	असम	30	59
5	बिहार	39	60
6	चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	1	05
7	छत्तीसगढ	28	40
8	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव (संघ राज्य क्षेत्र)	3	02
9	दिल्ली (संघ राज्य क्षेत्र)	5	47
10	गोवा	2	05
11	गुजरात	34	47
12	हरियाणा	21	36
13	हिमाचल प्रदेश	12	27
14	जम्मू एवं कश्मीर (संघ राज्य क्षेत्र)	20	46
15	झारखंड	26	44
16	कर्नाटक	31	57
17	केरल	14	39
18	लद्दाख (संघ राज्य क्षेत्र)	2	02
19	लक्षद्वीप (संघ राज्य क्षेत्र)	1	01
20	मध्य प्रदेश	54	126
21	महाराष्ट्र	34	63
22	मणिपुर	14	09
23	मेघालय	12	07
24	मिजोरम	8	04
25	नगालैंड	11	05
26	ओडिशा	31	79
27	पुडुचेरी (संघ राज्य क्षेत्र)	4	04
28	पंजाब	23	52
29	राजस्थान	35	86
30	सिक्किम	4	02
31	तमिलनाडु*	-	49
32	तेलंगाना	15	36
33	त्रिपुरा	8	12
34	उत्तर प्रदेश	76	130
35	उत्तराखंड	13	48
36	पश्चिम बंगाल	18	62
कुल		**666**	**1362**

* तमिलनाडु राज्य (38 जिले) ने अभी तक नवोदय विद्यालय योजना को स्वीकार नहीं किया है।

अनुलग्नक-II

"उत्तर प्रदेश के स्कूलों में पुस्तकालयों की कमी" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री पुष्पेंद्र सरोज, श्री मोहिब्बुल्लाह और एडवोकेट प्रिया सरोज द्वारा दिनांक 10/08/2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3474 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

उत्तर प्रदेश में केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति के तहत कार्यात्मक केविसं और जनवि स्कूलों का जिला-वार ब्यौरा

क्र. सं.	जिला	जनवि	केविसं
1	आगरा	01	04
2	अलीगढ	01	01
3	अंबेडकरनगर	01	--
4	अमेठी	01	02
5	औरिया	01	01
6	अयोध्या	01	01
7	आजमगढ़	01	01
8	बदायूं	01	01
9	बागपत	01	02
10	बहराईच	01	01
11	बलिया	01	01
12	बलरामपुर	01	01
13	बाँदा	01	--
14	बाराबंकी	01	01
15	बरेली	01	06
16	बस्ती	01	01
17	भदोही	01	01
18	बिजनौर	01	01
19	बुलन्दशहर	01	01
20	चंदौली	01	02
21	चित्रकूट	01	01
22	देवरिया	01	02
23	एटा	01	01
24	इटावा	01	01
25	फर्रुखाबाद	01	01
26	फ़तेहपुर	01	01
27	फिरोजाबाद	01	01
28	गौतमबुद्ध नगर	01	04
29	गाजियाबाद	01	04
30	गाजीपुर	01	01
31	गोंडा	01	02
32	गोरखपुर	01	03
33	हमीरपुर	01	01
34	हापुड (पंचशील नगर)	01	01
35	हरदोई	01	01
36	हाथरस	01	01

क्र. सं.	जिला	जनवि	केविसं
37	ज्योतिबा फुले नगर	01	-
38	जालौन	01	01
39	जौनपुर	01	01
40	झांसी	01	05
41	कन्नौज	01	--
42	कानपुर देहात	01	01
43	कानपुर नगर	01	09
44	कासगंज	01	--
45	कौशांबी	01	--
46	कुशीनगर	01	01
47	लखीमपुरी खीरी	01	02
48	ललितपुर	01	02
49	लखनऊ	01	10
50	महाराजगंज	01	01
51	महोबा	01	01
52	मैनपुरी	01	--
53	मथुरा	01	03
54	मऊ	01	01
55	मेरठ	01	03
56	मिर्जापुर	01	01
57	मुरादाबाद	01	01
58	मुजफ्फरनगर	01	01
59	पीलीभीत	01	01
60	प्रतापगढ़	01	--
61	प्रयागराज	01	09
62	रायबरेली	01	03
63	रामपुर	01	01
64	सहारनपुर	01	01
65	संभल	01	--
66	संतकबीरनगर	01	--
67	शाहजहांपुर	01	02
68	शामली (प्रबुद्धनगर)	01	01
69	श्रावस्ती	01	01
70	सिद्धार्थनगर	01	01
71	सीतापुर	02	01
72	सोनभद्र	01	03
73	सुल्तानपुर	01	01
74	उन्नाव	01	01
75	वाराणसी	01	05

*****